दैनिक न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक सेहत-वास्तु-फीचर
रायगढ़, शुक्रवार 07 जून 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### खेत में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले के तखतपुर थाना अंतर्गत छिरहाखार गांव में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ है. शव मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है। परिजनों का आरोप है कि प्रेम प्रसंग के चलते उनके बेटे की हत्या की गई है।पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम कालीचरण गोंड (20 वर्ष) है जो कि ठाकुरकापा गांव का रहने वाला है. रविवार को वह मजदूरी करने घर से निकला था. लेकिन रात हो जाने के बाद भी वापस घर नहीं पहुंचा. आज सुबह उसकी लाश एक खेत से मिला है. युवक के शरीर पर चोट के निशान भी मिले है. जिससे हत्या की आशंता जताई जा रही है.।परिजनों का कहना है उनके बेटे की किसी के साथ प्रेम प्रसंग की वजह हत्या का होना बता रहे हैं। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में जांच में जुट गई है।

### ग्रामीण महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर छेड़ी मुहिम

**दुग (आरएनएस)।** ग्राम रामपुर कुम्हारी में बुधवार को छत्तीसगढ़ मे शराबबंदी की मांग बुलंद हुई. सामाजिक कार्यकर्ता निश्चय बाजपेयी ने बताया कि मुख्यमंत्री को शराबबंदी का वादा निभाने के लिए चिट्ठी लिखी गई। प्रदेश भर की महिलाएं अवैध शराब बिक्री से त्रस्त हैं. सरकार ने हर आदमी को 4 पौवा प्रतिदिन बेचने का नियम बना रखा है. लोग गांव में लाकर शराब बेच रहे हैं. रामपुर की महिलाओं ने अगले सात दिन में आस-पास के सात गांव में जाकर शराबबंदी के लिए जनजागरण का बीड़ा उठाया।

### गांजा पीने पैसा मांगा,नही देने पर सुजा व शराब के बॉटल से वार कर किया ,घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** शराब पीने के लिये पैसा नही देने पर युवक पर किया जानलेवा हमला किये जाने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ईदगाह भाठा झोपड़ पट्टी आजाद चौक निवासी शेख जावेद 22 वर्ष पिता शेख फरिद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शेख समीर 16 वर्ष पिता शेख कादर व शेख चांद 17 वर्ष पिता शेख मुकदर ने गांजा पीने के लिये पैसा मांगा नही देने पर गाली-गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर शराब की शीशी एवं बर्फ फोड़ने वाले सुजा से वार कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### सौ रुपये बकाया की बात को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सौ रुपये की लेन-देन की बात पर अधेड़ एवं उसके बेटे को पत्थर से मारकर चोट पहुंचाये जाने की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाशपुरी पुरानी बस्ती रायपुर निवासी अब्दुल अजीज मेमन 59 वर्ष पिता स्व.अब्दुल रज्जाक मेमन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह चाईनीच सेंटर चलाता है विक्की सोनवानी 21वर्ष पिता छग्गन सोनवानी निवासी मोतीबाग चौक के पास रायपुर ने सौ रुपये बकाया की बात को लेकर गाली-गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर पत्थर से सीर पर मारकर चोट पहुंचाया व बीच -बचाव करने आये प्रार्थी के बेटा मोहम्मद अयान से भी मारपीट किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### सीआरपीएफ ने 1000 पौधे लगाये

**जगदलपुर (आरएनएस)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सीआरपीएफ कोबरा 204 बटालियन के जवानों ने करनपुर में ग्रामीणों के सहयोग से एक हजार छायादार व फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर बल की ओर से स्थानीय ग्रामीणों को न केवल पर्यावरण के प्रति सचेत किया गया, वरन उन्हें फलदार किस्म के पौधे भी उपलब्ध करवाए गए ताकि इससे भविष्य में आय अर्जित कर सकें। बल के सीओ प्रेम सिंह ने बताया कि जवानों ने कैम्प मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्र में पौध रोपण किया। इस दौरान चितालुर, वनपट्टी के ग्रामीण काफी संख्या में मौजूद थे। कमांडेंट ने स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में काफी संख्या में अधिकारियों समेत जवान मौजूद थे।

# राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी लायें कलेक्टर : भूपेश बघेल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंत्रालय में कलेक्टर कांफ्रेंस ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कुछ नसीहतें भी दी तो कुछ हिदायतें भी तमाम कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्तों व आयुक्तों को दी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान राजस्व मामलों के पेंडिंग केस को लेकर नाराजगी भी दिखायी, उन्होंने कहा कि कलेक्टर राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी लाएं, जमीनों के बंदोबस्त त्रुटियों के निराकरण के लिए अफसर नियमित कैंप लगाये जाये, ताकि लोगों को परेशानी से दो चार ना होना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर-कमिश्नर दिए निर्देश



मुख्यमंत्री ने अफसरों को कार्यालयों के इंस्पेक्शन के निर्देश कांफ्रेंस के दौरान दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभागायुक्त हर दिन कम से कम एक अधीनस्थ कार्यालय का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि संभागायुक्त कलेक्टरेट, अनुविभागीय दंडाधिकारी और तहसील कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि लोक सेवा गारण्टी योजना में वास्तविक निराकरण होना चाहिये और आवेदक निराकरण की गुणवत्ता से संतुष्ट होना चाहिए । लोक सेवा गारंटी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने संभागायुक्तों को लगातार मानिटरिंग और तहसील कार्यालयों के दौरा करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर सुजला योजना के 20 फीसदी कनेक्शन गौठानों के लिए सुरक्षित रखी जायेगी।उन्होंने कहा कि जनवरी से मई के बीच प्राप्त लोक सेवा गारंटी आवेदनों में से 83 प्रतिशत निराकृत, जबकि पिछले वर्ष जुलाई से दिसंबर के बीच 78 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण हुआ था।

## व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास करेगी : भूपेश बघेल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। व्यापारियों की सुविधा के लिए टैक्स प्रक्रिया का सरलीकरण जरुरी है, जिससे व्यापार-व्यवसाय फले-फूले। उन्होंने कहा कि टैक्स सरलीकरण के लिए जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ भी विचार-विमर्श करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि व्यापारियों को सम्मान के साथ व्यापार करने का अधिकार है। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 60 वें वार्षिक सम्मेलन को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पहला काम किसानों की जेब में पैसा डालने का किया। किसानों की कर्जमाफी की गयी। धान 2500 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा गया। किसानों के पास पैसा आने से प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय भी अच्छा चल रहा है। छत्तीसगढ़ देश का ऐसा राज्य है जहां ऑटोमोबाईल सेक्टर की वृद्धि दर सर्वाधिक है। यहां मोटरसाईकिल, हॉरवेसटर, ट्रेक्टर की सर्वाधिक बिक्री हो रही हैं। माह जनवरी से लेकर अब तक देश के अन्य राज्यों में ऑटोमोबाईल सेक्टर की वृद्धि दर में कमी आई है। छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाईल सेक्टर की वृद्धि दर सर्वाधिक 36 प्रतिशत है।

## अंग्रेज ने पत्नी पर किया अत्याचार, अब जाना पड़ेगा जेल

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिला के मुढ़ीपार गांव निवासी एक अधेड़ महिला ने अपने पति अंग्रेज सिंह द्वारा चरित्र पर संदेह करते हुए जुल्म करने का अपराध पंजीबद्ध कराई है। पति पहले ड्राइवरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था। अब वह काम छोड़कर घर बैठ गया है। पत्नी नौकरी करने जाती है तो पति चरित्र पर संदेह करता है। पुलिस ने पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर आरोपित पति के विरूद्ध भादवि की धारा 294, 323, 498 ए और 506 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

**प्रेम विवाह का हुआ बुरा हश्र –** पुलिस के अनुसार मुढ़ीपार निवासी करीब 45 वर्षीय महिला आरती (परिवर्तित नाम) ने पिथौरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वर्ष 2008 में उसकी शादी अंग्रेज सिंह के साथ हुई। दोनों ने प्रेम विवाह किया था। वैवाहिक जीवन में सब कुछ ठीक चल रहा था। इस बीच उनके घर एक बेटी और एक बेटे के जन्म से भरापूरा परिवार खुशहाल था। पति अंग्रेज सिंह ड्राइवरी करते थे। अचानक से काम छोड़कर घर बैठ गए। इससे घर की माली हालत बिगड़ गई। बच्चों और पति का भरण पोषण करने के लिए आरती ने एक प्राइवेट संस्था में नौकरी कर ली। जहां से लौटने में कभी-कभी देर होने पर अंग्रेज अपनी पत्नी की चरित्र पर संदेह करने लगा। गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। वह सबकुछ बर्दाश्त करती रही। इस बीच अंग्रेज की ज्यादती बढ़ी।

**मासूम बेटी को पीटने पर खोई आपा–** अंग्रेज, नशे की हालत में घर आता और अपनी मासूम बेटी को भी पीटने लगा। इससे दुखी होकर आरती अपने बच्चों को साथ लेकर अपनी सहेली के घर पिलवापाली गांव चली गई।

## 10 रुपये के सिक्के सभी बैंक की शाखाएं करेंगी स्वीकार आरबीआई ने जारी किए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देश के अनेक बैंक के खातेदारों द्वारा मिली शिकायतो के आधार पर आरबीआई के गर्वनर ने समस्त शासकीय एवं अशासकीय क्षेत्र के बैंक प्रबंधनों को परिपत्र लिखकर 10 रुपये के सिक्के जमा करने के निर्देश दिये है। एसबीआई मुख्य ब्रांच के पूर्व प्रबंधक श्रीकांत तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बाजारों में भी 10 रुपये का सिक्का प्रचलन में है।

गौरतलब है कि शहर में सभी फुटकर एवं थोक व्यापारियों द्वारा इन दिनों उपभोक्ताओं से 10 रुपये का सिक्का स्वीकार नहीं किया जा रहा है। आरबीआई के गर्वनर ने समस्त राज्यों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों / संगठनों को 10 रुपये का सिक्का नहीं लेने पर उपभोक्ता द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने पर राजकीय मुद्रा का अपमान करने का अपराध दर्ज होने पर विधिवत कार्यवाही के संकेत दिये है। ज्ञातव्य है कि शहर की अनेक बैंक शाखाओं द्वारा व्यापारियों से 10 रुपये के सिक्के जमा नहीं किया जाते जबकि बैंक प्रबंधनों के पास इस संबंध में चिल्लहर स्वीकार नहीं करने का ग्राहकों पर्याप्त कारण भी नहीं बताया जाता है। जिसके चलते आम उपभोक्ता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में लोकसभा चुनाव में एक प्रत्याशी ने 10 रुपये के सिक्के की जमानत राशि विधिवत जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर के समक्ष जमा कर विधिवत



नामांकन दाखिल किया था। लोगों के अनुसार जब जिलानिर्वाचन अधिकारी 10 रुपये के सिक्के स्वीकार कर सकते है तो व्यापारियों को 10 रुपये का सिक्का स्वीकार करने में कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिये। सुन्दर नगर स्थित छत्तीसगढ़ रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में कार्यरत पीआरओ ने भी 10 रुपये का सिक्का चलन में रहने की जानकारी प्रतिनिधि को दी है।

## घर के अंदर मिली थी सडी-गली लाश, बच्चों को लेकर पत्नी फरार

### » मौके से चाकू बरामद, पत्नी पर लटकी पुलिस की शक की सुई

**भिलाई (आरएनएस)।** शहर के वैशाली नगर में बुधवार को घर के अंदर युवक की तीन दिन पुरानी लाश मिली। लाश से दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसी, तो स्टोर रूम में रवि सिंह की अर्धनग्न लाश मिली। उसके ससुर मोती लाल साव ने लाश की पहचान की। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मेकाहारा रायपुर भेजा दिया।

सुपेला थाना प्रभारी ने बताया कि वैशाली नगर के इडब्ल्यूएस-542 आवास कृष्णा मूर्ति पिल्ले का है। उन्होंने छतरपुर टीकमगढ़ निवासी रवि सिंह (32 वर्ष) को किराए पर दिया था। रवि फिनाइल का होलसेल व्यापारी था।



अपनी पत्नी रूपा सिंह और चार साल के बेटे के साथ यहां रहता था। सोमवार को रवि और उसकी पत्नी को देखा गया। इसके बाद से घर में ताला बंद था। लाश पूरी तरह से नीली पड़ गई थी। जहर खुरानी की आशंका है। घटना के आस-पास संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले। लेकिन घटना स्थल की तलाशी के दौरान वहा चाकू भी बरामद किया गया है।

यहां से विक्की नाम का युवक काम करने मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ गया था। वहां रवि से उसकी जान पहचान हुई। उसी के साथ 11 साल पहले रवि भिलाई आ गया। यहां पहले विक्की के साथ रहकर केबल नेटवर्क में काम करने लगा। बाद में खुद फिनाइल का होलसेल व्यापार करने लगा।

सोमवार को रूपा सिंह की भाभी और उसके बच्चे घर पर आए थे। जिसे पड़ोसियों ने उसी दिन शाम 5 बजे अंतिम बार देखा था। रूपा अपनी भाभी के साथ चली गई। इसके बाद से वह दोबारा लौटकर कमरे में नहीं आई। मकान के पीछे वाले कमरे में रवि की लाश मिली, लेकिन पीछे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। साथ ही मुख्य दरवाजा को सेंटर लॉक किया गया था। उसमें ताला नहीं लगा था।

## 3 किलो 75 ग्राम गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** गांजा तस्करी करते पाये जाने पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई थाना क्षेत्र अंतगर्त व्यास तालाब शिव मंदिर के पास पुलिस ने ग्राम बिरौला सरपटहा जौनपुर युपी निवासी नौसाद अली 28 वर्ष पिता सकीर अहमद 22 वर्ष को काला रंग के बैग में रखे 3 किलों 75 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ पाये जाने पर धारा 20 बी नार्कोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई किया है।

## हाथी के हमले से बुज़ुर्ग की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** महासमुंद और आरंग क्षेत्र के जंगलों में हाथी ने बीते 5 सालों से डेरा जमाया हुआ है. हाथी को घने जंगल में खदेड़ने कई प्रयास किए गए, लेकिन इसमें असफलता ही हाथ लगी. पांच साल के दौरान यहां दर्जनों लोगों की हाथी के हमले से मौत हो चुकी है. इधर, हाथी का लोकेशन जानने फारेस्ट विभाग द्वारा कई नवाचार किए जा रहे हैं. लेकिन सही लोकेशन प्राप्त नहीं होने के कारण लोग बेमौत मारे जा रहे हैं.



आरंग थाना अंतर्गत ग्राम गुदगुदा में बीती रात खेत की रखवाली कर रहे एक बुजुर्ग को हाथी ने कुचल कर मार डाला है. आरंग पुलिस के अनुसार सूचक डोमार साहू ने बताया कि उनके प्लाट गुदगुदा में हैं, जहां पर खेती करते हैं. रखवाली के लिए दाउलाल पिता सियाराम साहू (70) प्लाट में झोपड़ी में सोया हुआ था. रात को अचानक हाथी का दल वहां पहुंचा और बुजुर्ग पर हमला कर दिया. जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई. सचना पर अधी रात फारेस्ट पुलिस विभाग के अफसर पहुंचे. आरंग पुलिस मर्ग क्रमांक 66/19 कायम कर विवेचना में लिया है. आज बुजुर्ग का पीएम करवाया जाएगा।

## चॉकलेट रखेगी सेहत और सुंदरता को बरकरार, जानिए 7 फायदे

चॉकलेट में आपको क्या पसंद है? आप कहेंगे मजेदार स्वाद और क्या! लेकिन अब अगर कोई आपसे यही सवाल पूछे, तो आप स्वाद के अलावा इसके सेहत और ब्यूटी से जुड़े लाभ भी बता सकते हैं, और बेझिझक अपनी यह मनपसंद चीज खा सकते हैं। तो देर किस बात की! जल्दी से जान लीजिए चॉकलेट के यह 7 सेहत व सौंदर्य लाभ...

बाजार में उपलब्ध कई तरह की चॉकलेट्स में से, सबसे बेहतर है डार्क चॉकलेट। इसमें शुगर की मात्रा बेहद कम या नहीं के बराबर होती है, और यह चॉकलेट आपके स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा लाभदायक है ।




**तनाव हो या डिप्रेशन** – जी हां, यदि आप किसी प्रकार के तनाव में हैं, तो चॉकलेट आपका वह साथी है, जो बिन कुछ कहे और सुने ही आपका तनाव कम कर सकता है। आप जब भी तनाव या डिप्रेशन में हों, चॉकलेट खाना न भूलें। इससे आप रिलेक्स महसूस करेंगे ।

त्वचा को रखे जवां - चॉकलेट एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो आपकी त्वचा पर दिखने वाले बढ़ती उम्र के लक्षणों और झुर्रियों को कम करती है। इससे आपकी त्वचा जवां नजर आती है। इसके गुणों के कारण आजकल चॉकलेट बाथ, फेशियल, पैक और वैक्स का इस्तेमाल भी होने लगा है।

जब कम हो ब्लडप्रेशर - जिन लोगों को लो- ब्लडप्रेशर की समस्या है, उनके लिए चॉकलेट बेहद लाभदायक है। ब्लडप्रेशर कम होने की स्थिति में चॉकलेट तुरंत राहत देती है। इसीलिए हमेशा अपने पास चॉकलेट जरूर रखें।

## लारा दत्ता वेबसीरीज में करेंगी डेब्यू

बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता वेब सीरीज में डेब्यू करने जा रही हैं। लारा दत्ता ने टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति से शादी करने के बाद फिल्मों में काम करना कम कर दिया है। अब वह वेब सीरीज '100' से नई पारी खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लारा हॉटस्टार की वेब सीरीज '100' से अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। उनके फैन्स उन्हें फिर अभिनय करते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं।



वह इस सीरीज में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अफसर के तौर पर नज़र आयेंगी। इस सीरीज में वह एक ऐसे खतरनाक अफसर का किरदार अदा करेंगी, जिसकी उनके सहकर्मी ही इज़्ज़त नहीं करते। बताया जा रहा है कि सीरीज का नाम बाद में बदला भी जा सकता है। यह सीरीज़ सीरियस थ्रिलर ना होकर एक डार्क कॉमेडी को दर्शाएगी। नौ एपीसोड्स की इस वेब सीरीज़ को रुचि नारायण निर्देशित करेंगी।

## एक ही तरह का काम नहीं चाहतीं करिश्मा कोटक

आगामी फिल्म बेढब में नजर आने को तैयार अभिनेत्री करिश्मा कोटक ने कहा कि वह मनोरंजन जगत में एक ही शैली में खुद को सीमित नहीं रखना चाहती। करिश्मा ने यहां बेढब के प्रचार के लिए मौजूद थीं। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं किसी फिल्मी पृष्ठभूमि से नहीं हूं। मैं लंदन से हूं। मैं इंग्लैंड में मॉडलिंग कर रही थी और फिर मैं 12 साल पहले बॉम्बे चली गई। वर्ष 2006 में, मैंने एक किंगफिशर स्विमसूट कैलेंडर शो किया और उसके बाद मैंने प्रभुदेवा द्वारा निर्देशित तेलुगू फिल्म में काम किया।

उन्होंने कहा, इस बीच बिग बॉस आया और मैंने इंडियन प्रीमियर लीग के लिए एक टीवी विशेष की मेजबानी भी की। मैंने अरबाज खान, सोहेल खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फ्रीकी अली और एक अन्य फिल्म में अतिथि भूमिका निभाई जिसमें अरशद वारसी प्रमुख भूमिका में थे।

उन्होंने कहा, मैं जिस स्थान पर हूं, वो मुझे पसंद है, मुझे वही काम मिल रहा है, जो मुझे पसंद है। मुझे एक्टिंग, मॉडलिंग और होस्टिंग का काम काम मिल रहा है। मैं



मनोरंजन-उद्योग में एक-ही तरह का काम नहीं करना चाहती। बेढब में पूजा चोपड़ा और आशीष सचदेवा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।